## जैतसर में मकान में घुसा सांप

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। जिले के जैतसर क्षेत्र में इन दिनों भीषण गर्मी का असर जीव-जंतुओं पर भी दिख रहा है। तापमान में लगातार बढ़ोतरी और उमस के कारण सांप खुले इलाकों से निकलकर रिहायशी क्षेत्रों की ओर आ रहे हैं।

पिछले कुछ दिनों में नई धान मंडी, पुरानी धान मंडी, मुख्य बाजार, राजकीय स्कूलों के पास और अन्य घनी आबादी वाले क्षेत्रों में सांप दिखने की घटनाएं बढ़ गई हैं। हर दिन कहीं न कहीं से सांप देखे जाने की सूचना मिल रही है। इससे लोगों में दहशत का माहौल बना हुआ है। इन परिस्थितियों मे स्नेक कैचर गौरीशंकर जांगिड़ और करण डाबला सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। वे समय पर मौके पर पहुंचकर सांपों को पकड़ते हैं और उन्हें वन विभाग की नर्सरी में छोड़ आते हैं। इससे लोगों को नुकसान नहीं होता है।

गौरीशंकर जांगिड़ के अनुसार इस मौसम में सांपों की सक्रियता बढ़ जाती है। वे ठंडक की तलाश में घरों, दुकानों और स्कूलों के आसपास पहुंच जाते हैं। रविवार को पुराने बिजलीघर के पास एक मकान में सांप घुस गया था। इसे देखकर परिवार के सदस्य घबरा गए और शोर मच गया। सूचना मिलते ही स्नेक कैचर मौके पर पहुंचे। उन्होंने सांप को सुरक्षित तरीके से पकड़कर जंगल क्षेत्र में स्थित नर्सरी में छोड़ दिया। विशेषज्ञों का कहना है कि घरों के आसपास साफ-सफाई रखें। फालतू सामान जैसे लकडियां, ईंट-पत्थर या घासफूस एकत्रित न होने दें। ये स्थान सांपों के छिपने के लिए उपयुक्त होते हैं। सांप दिखने पर प्रशिक्षित स्नेक कैचर्स को सूचना दें। सांपों को बिना नुकसान पहुंचाए सुरक्षित तरीके से हटाया जा सकता है।

# 'किसी विभाग में जमीन आवंटन को लेकर कोई इश्यू हो तो बताएं'



**एडीएम प्रशासन रामावतार कुमावत ने बजट घोषणा 2024-25 और 26 को लेकर सभी विभागों के अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली।**

**बीकानेर,**(कासं)। अतिरिक्त जिला कलेक्टर प्रशासन रामावतार कुमावत ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बजट घोषणा वर्ष 2024-25 और 2025-26 के क्रियान्वयन को लेकर ऊर्जा, पीएचईडी, सीएडी, सिंचाई, उद्योग, नगरीय निकाय, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, खनिज, पीडब्लयूडी, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली।

कुमावत ने अधिकारियों से कहा कि बजट घोषणाओं को लेकर संबंधित

■ **श्रीडूंगरगढ़ में नवीन औद्योगिक क्षेत्र की अपडेट रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं करने पर नोटिस जारी करने के निर्देश दिए**

विभाग के जिला स्तरीय अधिकारी व्यक्तिगत रूप से अपने कार्यालय में साप्ताहिक बैठक लेकर उसका रिव्यू करें। बैठक में क्या समीक्षा की गई। इसकी एक रिपोर्ट भी एडीएम प्रशासन कार्यालय को भेजी जाए। साथ ही कहा कि किसी विभाग में जमीन आवंटन को लेकर कोई इश्यू हो तो संबंधित विभाग के अधिकारी उनको पर्सनली बताएं। जमीन आवंटन होने तक उसकी पूरी मॉनिटरिंग करें।

बैठक में ऊर्जा विभाग के अधिकारियों ने बताया कि पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना अंतर्गत प्रत्येक जिले में आदर्श सौर ग्राम का बनाया जाना प्रस्तावित है। इसको लेकर जिला स्तरीय समिति द्वारा प्रारंभिक तौर पर मोमासर, कालू, 465 आरडी और पांचू का चयन किया गया है। इनमें से एक गांव का जल्द चयन किया जायेगा। चयनित गांव में 2 मेगावाट क्षमता तक के विकेन्द्रीकृत सोलर पावर प्लांट की स्थापना कर 40 फीसदी अनुदान दिया जाना प्रस्तावित है।

इस साल की बजट घोषणा में ऊर्जा विभाग के अंतर्गत पांचू में एईएन ऑफिस खोलने को लेकर कुमावत ने नोखा एसडीएम से फोन पर बात कर निर्देश दिए कि 15 अगस्त से पहले इसके लिए जमीन का आवंटन कर दें। ऊर्जा विभाग के अधिकारियों ने बताया कि जिले में दंतोर को छोड़कर 132 केवी के विभिन्न जीएसएस के लिए जमीन आवंटन कर सिविल वर्क शुरू कर दिया गया है। वहीं 220 केवी जीएसएस पलाना के लिए सरकारी जमीन उपलब्ध नहीं है। वहीं बंबलू में 220 केवी जीएसएस के लिए जमीन का आवंटन हो चुका है।

बैठक में श्रीडूंगरगढ़ में नवीन औद्योगिक क्षेत्र की घोषणा को लेकर अपडेट रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं करने पर एडीएम प्रशासन ने नाराजगी जाहिर करते हुए रीको अधिकारी को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि बजट घोषणाओं की समीक्षा बैठक में सभी विभाग के अधिकारी इसका विशेष ध्यान रखें कि वे अपडेट रिपोर्ट के साथ बैठक में आएं और बैठक की गंभीरता समझें। बैठक में उद्योग विभाग के अधिकारी ने बताया कि रीको औद्योगिक क्षेत्र गजनेर में सिरेमिक पार्क को विकसित करने को लेकर वर्क ऑर्डर जारी कर कार्य भी शुरू कर दिया गया है। बैठक में एडीएम सिटी रमेश देव, बीडीए सचिव श्री कुलराज मीणा समेत संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## बस-कार की टक्कर में महिला की मौत

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। जिले के रायसिंहनगर में भारतमाला नेशनल हाईवे-911 पर चक 73 एनपी के पास लोक परिवहन बस और कार की आमने-सामने टक्कर हो गई। इस हादसे में पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

समेजाकोठी पुलिस ने अपनी गाड़ी से सभी घायलों को अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में डॉक्टरों ने जांच के बाद एक महिला को मृत घोषित कर दिया। जबकि अन्य चार घायलों का इलाज शुरू किया गया। कार में मनजीत (वार्ड नंबर 14, हाल डेरा 26 पीएस), सतपाल रामधारी (थर्मल कॉलोनी सूरतगढ़), चरणजीत कौर (थर्मल कॉलोनी सूरतगढ़), लखविंदर (41पीएस) और कमला (अमेठी उत्तरप्रदेश, हाल डेरा 26 पीएस) शामिल थे। ये सभी डेरा सच्चा सौदा 26 पीएस से कार में सवार होकर सलेमपुरा जा रहे थे। जब कार भारतमाला रोड पर चक 73 एनपी के पास पेट्रोल पंप के पास पहुंची, तब सामने से आ रही लोक परिवहन बस से टकरा गई।

टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार का ड्राइवर वाहन के अंदर ही फंस गया। मौके पर पहुंची पुलिस और राहगीरों ने खिड़की तोड़कर घायलों को बाहर निकाला। चरणजीत कौर पत्नी सतपाल को डॉक्टरों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। अन्य गंभीर घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। समेजाकोठी थानाधिकारी कृष्ण कुमार देर रात को नाकाबंदी में खड़े थे। इसी दौरान बस और कार के हादसे की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची।

### सार-समाचार

## अवैध रिफिलिंग करते पकड़ा



**प्रवर्तन निरीक्षक ने बारह घरेलू गैस सिलेंडर सहित रिफिलिंग मशीन तथा इलेक्ट्रोनिक कांटा जब्त किया।**

**बीकानेर,** (कासं)। जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि के निर्देशानुसार जिला रसद अधिकारी नरेश शर्मा के नेतृत्व में प्रवर्तन निरीक्षकों द्वारा शहर में कई स्थानों पर औचक कार्रवाई की गई। उन्होंने बताया कि ड्यूप्लैक्स कॉलोनी के पास विपुल ठाकुर पुत्र महानन्द ठाकुर को मौके पर घरेलू गैस सिलेंडर से वाहनों में अवैध रिफिलिंग करते पाए जाने पर उसके खिलाफ एलपीजी (आपूर्ति एवं वितरण का विनियमन) अधिनियम, 2000 की धारा 3,4,5 एवं 7 के अंतर्गत कार्रवाई करते हुए बीपीसीएल कंपनी के चार सिलेंडर, एक रिफिलिंग मशीन तथा एक इलेक्ट्रोनिक कांटा घरेलू गैस सिलेंडर्स का दुरूपयोग का स्पष्ट उल्लंघन होने के कारण जब्त किया गया। एक अन्य कार्रवाई में पवन बिश्नोई पुत्र रामप्रताप बिश्नोई, निवासी शिव मंदिर के पास, उदयरामसर को नागणेची मंदिर के पास एक गली में अवैध रिफिलिंग करते पाया गया। उससे बीपीसीएल कंपनी के दो सिलेंडर, एक रिफिलिंग मशीन तथा एक इलेक्ट्रोनिक कांटा जब्ती की कार्रवाई की गई। वहीं पंडित दीनदयाल सर्किल से एक गैस सिलेंडर व एक चूल्हा, लाभू जी का कटला रंगारों की गली से पांच गैस सिलेंडर का व्यवसायिक करते पाए जाने पर जब्त किए गए हैं। जब्त किए गए सिलेंडरों एवं अन्य सामग्री को आकाश गंगा इंडेन गैस ऐजेंसी को सुपुर्द किया गया। इन सभी मामलों में अति. जिला मजिस्ट्रेट(शहर) न्यायालय में मुकदमा दर्ज करवाया जाकर कानूनी कार्रवाई की जायेगी। जिला रसद अधिकारी ने बताया कि घरेलू गैस सिलेंडरों के दुरूपयोग की रोकथाम अभियान निरन्तर चलता रहेगा।

## किसानों ने निकाली तिरंगा रैली



**हर घर तिरंगा अभियान के तहत कृषि अधिकारियों व किसानों ने तिरंगा रैली निकाली।**

**बीकानेर,** (कासं)। हर घर तिरंगा अभियान के तहत कृषि विभाग द्वारा सोमवार को तिरंगा वितरण कार्यक्रम व तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। संयुक्त निदेशक कृषि (विस्तार) कैलाश चौधरी ने किसानों को राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा वितरित किए और 'हर घर तिरंगा' अभियान को सफल बनाने की अपील की। उन्होंने किसानों को स्वतंत्रता दिवस पर अपने घरों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान कृषि-उद्यानिकी के अधिकारियों व किसानों ने साथ मिलकर संयुक्त तिरंगा रैली निकाली। इस दौरान समूचा वातावरण देशभक्ति से ओत-प्रोत हो उठा और किसानों में राष्ट्र के प्रति समर्पण की भावना जागृत हुई। उद्यान विभाग के सहायक निदेशक मुकेश गहलोत ने तिरंगे के तीन रंगों व अशोक चक्र की महत्ता के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि तिरंगा रैली पब्लिक पार्क से प्रारंभ होते हुए सर्किट हाउस के पास सहायक निदेशक कृषि विकास कार्यालय पहुंची। कार्यक्रम परियोजना निदेशक आत्मा मदनलाल, सहायक निदेशक सांख्यिकी डॉ. मानाराम जाखड़, कृषि अधिकारी रमेश भाम्भू, श्रीराम बिश्नोई व बड़ी संख्या में प्रगतिशील किसानों ने भाग लिया। तिरंगा रैली का संचालन सहायक निदेशक उद्यान मुकेश गहलोत ने किया।

# वन भूमि और कपिल सरोवर से अतिक्रमण हटाने के आदेश

**बीकानेर,** (कासं)। राजस्थान हाईकोर्ट जोधपुर की खंडपीठ ने बीकानेर जिले के कोलायत स्थित संरक्षित वन भूमि, ओरण भूमि और कपिल सरोवर के जल प्रवाह क्षेत्र में हो रहे अतिक्रमणों पर सख्त रूख अपनाते हुए राज्य सरकार को आठ सप्ताह में कार्यवाही करने के आदेश दिए हैं।

■ **राजस्थान हाईकोर्ट जोधपुर खंडपीठ ने राज्य सरकार को आठ सप्ताह में कार्यवाही करने के आदेश दिए**

न्यायाधीश विनीत कुमार माथुर और न्यायाधीश अनुरूप सिंघी की पीठ ने हरलाल बिश्नोई व अन्य बनाम राज्य सरकार मामले में जनहित याचिका संख्या पर सुनवाई करते हुए यह ऐतिहासिक आदेश पारित किया। याचिकाकर्ताओं और स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार वन विभाग, ग्राम पंचायत और स्थानीय प्रशासन की अनदेखी के कारण अतिक्रमण बढ़ता गया। परिणामस्वरूप कपिल सरोवर का प्राकृतिक जल प्रवाह अवरूद्ध हुआ। ओरण भूमि पर निर्माण हुए और संरक्षित वन क्षेत्र में वन्य जीवों का प्राकृतिक आवास खतरे में पड़ गया। इस फैसले से बस स्टैंड में निर्मित दुकानों और आबादी एरिया में कुछ घरों पर बुल्डोजर चलाने का रास्ता साफ हो गया है। खसरा संख्या 30, ग्राम कोलायत की वन भूमि और संरक्षित वन भूमि का सीमांकन 12 जुलाई 1990 की राजपत्र अधिसूचना के अनुसार किया जाए। कपिल सरोवर के जल प्रवाह क्षेत्र, ओरण और संरक्षित वन संपदा को 1947 की स्थिति में बहाल किया जाए।

हाईकोर्ट का आदेश कोलायत की पर्यावरणीय पुर्नबहाली और सांस्कृतिक धरोहर संरक्षण के लिए मील का पत्थर साबित हो सकता है। विशेषज्ञों के अनुसार कपिल सरोवर का जल प्रवाह और स्तर सुधरेगा। ओरण क्षेत्र और वन्यजीव आवास संरक्षित होंगे। अवैध कब्जों पर अंकुश लगेगा और प्रशासनिक जवाबदेही बढ़ेगी। पर्यावरण प्रेमियों और ग्रामीण संगठनों ने इस फैसले का स्वागत किया है। कोलायत तहसील के रेवन्यू रिकॉर्ड में बड़ा गड़बड़झाला उजागर हुआ था। 1977 में जो जमीन उपनिवेशन विभाग को दी गई थी राजस्व रिकॉर्ड में उसे गैर मुमकिन आबादी भूमि के नाम से दर्ज कर दिया गया। जब ग्राम पंचायत ने वहां दुकानें बनाई तो कुछ जमीन वन विभाग की भी आ गई।

## 63 ग्राम हेरोइन सहित 6 तस्कर गिरफ्तार

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। ऑपरेशन सीमा-संकल्प के तहत श्रीविजयनगर पुलिस ने दो अलग कार्रवाई में 6 तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों से कुल 62.96 ग्राम हेरोइन बरामद की है।

पहली कार्रवाई में थानाधिकारी गोविंदराम की टीम ने बिजली बोर्ड के पास से गुलाब सिंह को पकड़ा। 29 जीबी शिवपुरी निवासी आरोपी से 9.67 ग्राम हेरोइन और एक मोटरसाइकिल बरामद की गई। गुलाब सिंह पर पहले से आपराधिक मामले दर्ज हैं। दूसरी कार्रवाई में संत निरंकारी भवन के पास नाकाबंदी के दौरान 5 तस्करों को पकड़ा गया। विवेक सांदड, विकास कुमार, अशोक कुमार, गणेश कुमार और लुकमान से 53.29 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। इनमें से कुछ आरोपी पंजाब के रहने वाले हैं। पुलिस ने तस्करी में इस्तेमाल की जा रही मर्सिडीज बेंज कार भी जब्त की।

# स्टेशन अधीक्षक व महिला कर्मचारी से मारपीट

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। गजसिंहपुर में रविवार रात रेलवे स्टेशन पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। स्टेशन अधीक्षक अनिल कुमार के साथ कुछ लोगों ने कार्यालय में घुसकर मारपीट की। हमलावरों में मोटासर खूनी गांव निवासी साहबराम समेत अन्य लोग शामिल थे। आरोपियों में एक राजस्थान पुलिस का जवान भी बताया जा रहा है।

स्टेशन अधीक्षक अनिल कुमार ने बताया कि देर रात कुछ लोग रेलवे कार्यालय में जबरन घुस गए। पहले उन्होंने गाली-गलौच की और फिर मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान एक महिला रेलवे कर्मचारी से भी धक्का-मुक्की और हाथापाई की गई। घटना से रेलवे परिसर में तनाव और दहशत का माहौल पैदा हो गया। घटना की सूचना मिलते ही स्टेशन अधीक्षक ने तुरंत रेलवे पुलिस को बुलाया। रेलवे सुरक्षा बल ने मौके पर पहुंचकर तीन आरोपियों को हिरासत में लिया।

■ **आरोपियों में एक राजस्थान पुलिस का जवान भी शामिल बताया जा रहा है**

हालांकि स्टेशन अधीक्षक का आरोप है कि पुलिस ने बिना किसी उचित कारण के दो आरोपियों को छोड़ दिया। इससे रेलवे कर्मचारी आक्रोशित हो गए।

अनिल कुमार ने बताया कि मारपीट के दौरान उन्हें टांग और शरीर के अन्य हिस्सों में चोटें आई हैं। उन्होंने चिकित्सा जांच करवाई है। पूरे घटनाक्रम की रिपोर्ट श्रीगंगानगर रेलवे पुलिस थाने में दर्ज करवाई गई है। इस घटना के बाद अन्य रेलवे कर्मचारी भी डरे और सहमे हुए हैं। कर्मचारियों का कहना है कि यदि आरोपी खुले घूमते रहे तो भविष्य में ऐसी घटनाएं दोबारा हो सकती हैं।

# टीलों में बने जलाशय का नजारा झील जैसा

**बीकानेर,** (कासं)। यहां से 144 किलोमीटर दूर 211 करोड़ रूपए से ऐसा जलाशय तैयार किया गया है जिसमें कई झीलें समाहित हो जाएं। रेत के टीलों के बीच बनी झील से गोवा के किसी बीच जैसा नजारा बन रहा है। जो जाता है वो वहां से वीडियो बनाकर लाता है और वो वायरल हो रहे हैं।

■ **टीलों के बीच 211 करोड़ से बना जलाशय आधा जलाशय भरते ही गोवा के बीच जैसा नजारा देखने को मिलने लगा है**

ये वही झील है जिससे हर घर नल कनेक्शन योजना के लिए पानी दिया जायेगा। झील अब इसलिए चर्चा में आई क्योंकि इसे आधा भर दिया गया है। आरडी 507 और 750 हैड बीकानेर जिले में हैं। 507 हैड बनकर तैयार है। 2000 एमसीएफटी क्षमता वाला जलाशय आधा भर गया है। यानी करीब 1000 एमसीएफटी पानी एकत्रित हो गया। आधा जलाशय भरते ही गोवा के बीच जैसा नजारा देखने को मिलने लगा है। अब लोग वहां दूर-दूर से जाने लगे हैं। इसी झील के पानी से हर घन नल कनेक्शन योजना को सालभर पानी दिया जाना है। संकट में बीकानेर शहर को भी पानी इस जलाशय से मिल सकेगा।

## सिटी डिस्पेंसरी की चिकितसा व्यवस्था जांची

**बीकानेर,** (कासं)। बीकानेर (पश्चिम) विधायक जेठानंद व्यास ने सोमवार को नत्थूसर गेट के बाहर स्थित सिटी डिस्पेंसरी नंबर-6 का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल में स्टाफ की स्थिति, दवाईयों की उपलब्धता तथा साफ-सफाई सहित चिकित्सा व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

उन्होंने कहा कि शहरी क्षेत्र के मरीजों के लिए यह अस्पताल अत्यंत महत्वपूर्ण है। यहां नियुक्त सभी चिकित्सक और कार्मिक पूर्ण गंभीरता से कार्य करें। यहां सुविधाओं की उपलब्धता के आधार पर कोई कमी नहीं आने दी जायेगी। उन्होंने अस्पताल में उपचाराधीन मरीजों से व्यवस्था संबंधी फीडबैक लिया।

# लाखों के टेंडर के बावजूद जलभराव की समस्या

**हनुमानगढ़,** (कासं)। सोमवार को बिना बारिश के ही रोडवेज बस डिपो के पास श्रीगंगानगर मार्ग पर नाला ओवरफ्लो हो गया। इससे सड़क पर पानी भर गया। इससे नगर परिषद की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो गए हैं।

स्थिति यह है कि पिछले दिनों हुई बारिश का पानी रोडवेज बस डिपो में जमा हो गया था। नगर परिषद के कर्मचारियों ने पंप लगाकर इस पानी को बाहर के नाले में डाला। लेकिन नाले में कचरा भरा होने के कारण पानी की निकासी नहीं हो पाई। जागरूक नागरिक परितोष सारस्वत ने बताया कि मानसून से पहले नगर परिषद ने नालों की सफाई के लिए लाखों रूपये के टेंडर जारी किए थे।

■ **बिना बारिश के ही रोडवेज बस डिपो के पास श्रीगंगानगर मार्ग पर नाला ओवरफ्लो हो गया जिससे सड़क पर पानी भर गया**

हालांकि सफाई सिर्फ कागजों तक ही सीमित रही। वाल्मीकि चौक के पास कचरे से नाला जाम है। जलभराव से दुकानदारों को परेशानी का सामना करना पड़ा और उनकी ग्राहकी प्रभावित हुई।

नागरिकों ने नगर परिषद से नालों की तत्काल सफाई करवाने और जिम्मेदार ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

नगर परिषद प्रशासक-एडीएम उम्मेदी लाल मीना ने बताया कि पिछले दिनों शहर में 90 एमएम बारिश दर्ज की गई। भारी बारिश के कारण निचले इलाकों में पानी भर गया था। अधिक जलभराव वाली जगहों पर वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने पर विचार चल रहा है। कलेक्ट्रेट व हाउसिंग बोर्ड में वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने का कार्य किया जा रहा है। इससे जल का बचाव, पुनर्भरण होगा। काफी हद तक जलभराव की समस्या से भी निजात मिलेगी।

## तापमान बढ़ा, बारिश के आसार नहीं

**बीकानेर,** (कासं)। यहां गर्मी एक बार फिर असर दिखाने लगी है। तापमान में लगातार हो रही बढ़ोतरी से दोपहर और शाम के वक्त गर्म हवाओं ने जनजीवन को प्रभावित किया है। मौसम विभाग की मानें तो बीकानेर में फिलहाल बारिश के कोई आसार नहीं है। सोमवार को अधिकतम तापमान 38 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस रहा। दिनभर बादल छाए रहने और तेज हवाएं चलने की आशंका है। अगले 2-3 दिनों में भी मौसम शुष्क ही रहने की आशंका जताई जा रही है। तापमान 37-39 डिग्री सेल्सियस के बीच रहेगा, वहीं कुछ दिनों में हल्की बारिश की भी संभावना है। 14 अगस्त को 0.3 मिमी बारिश हो सकती है। आने वाले सप्ताह में 22 अगस्त को बारिश होने की संभावना है। जबकि अन्य दिनों में अधिकतम तापमान 36-40 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की उम्मीद है। रविवार को बीकानेर का अधिकतम तापमान 38.4 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 28.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। शहर में आंशिक रूप से बादल छाए रहने और हल्की बारिश की संभावना थी, लेकिन बारिश नहीं हुई।


**नाम परिवर्तन**

मैं भागीरथ मूंड पुत्र श्री रामेश्वर लाल मूंड निवासी मूण्डसर मेरी पत्नि का नाम परिचय पत्र में सीता SITA दर्ज है। मेरे पुत्र के स्कूल रिकार्ड में उसकी माता का नाम सीता मूँड SITA MOONDदर्ज है। मेरे पुत्र की माता का सही व वास्तिक नाम सीता SITA है। स्कूल रिकार्ड में मेरी पत्नि का नाम सीता SITAदर्ज करवाना चाहता हूं।

शपथग्रहिता
भागीरथ मूंड


# शहरी क्षेत्र में सखी वन स्टॉप सेंटर-द्वितीय का शुभारंभ, महिलाओं को मिलेगी सुविधा

**बीकानेर,** (कासं)। शहरी क्षेत्र के सखी वन स्टॉप सेंटर-द्वितीय का उद्घाटन सोमवार को बीकानेर (पश्चिम) विधानसभा क्षेत्र विधायक जेठानंद व्यास, जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि, पुलिस अधीक्षक कावेन्द्र सिंह सागर तथा सुमन छाजेड़ ने किया।

नत्थूसर गेट के बाहर स्थित सिटी डिस्पेंसरी नंबर 6 परिसर में स्थापित केन्द्र के शुभारंभ पश्चात विधायक व्यास ने कहा कि शहरी क्षेत्र की पीडित और जरूरतमंद महिलाओं को एक ही छत के नीचे चिकित्सा सुविधा, विधिक परामर्श और अस्थाई आश्रय जैसी सुविधाएं देने के लिए सखी वन स्टॉप सेंटर की लम्बे समय से मांग की जा रही थी। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आभार जताते हुए कहा कि अब इसकी स्वीकृति दी गई है। यह शहरी क्षेत्र के लिए लाभदायक साबित होगा। उन्होंने



**शहरी क्षेत्र में सखी वन स्टॉप सेंटर-द्वितीय का शुभारंभ विधायक जेठानंद व्यास, कलेक्टर नम्रता वृष्णि, एस.पी. कावेन्द्र सिंह सागर तथा सुमन छाजेड़ ने किया।**

शहरी क्षेत्र में करवाए जा रहे विभिन्न कार्यों के बारे में बताया।

जिला कलेक्टर ने कहा कि महिला एवं बाल विकास मंत्रालय केन्द्र तथा राज्य सरकार द्वारा पूर्व में पीबीएम अस्पताल में ऐसा केन्द्र चलाया जा रहा है। शहर के बढ़ते क्षेत्रफल के मद्देनजर अब दूसरा केन्द्र प्रारंभ किया गया है। उन्होंने कहा कि इससे इन सेवाओं का विस्तार होगा और पीडित महिलाओं को और अधिक जल्दी राहत मिल सकेगी। महिला अधिकारिता विभाग की उपनिदेशक डॉ. अनुराधा सक्सेना ने बताया कि सखी वन स्टॉप सेंटर में केन्द्र प्रभारी, विधिक परामर्श, पुलिस सहायता, स्वागत एवं पंजीकरण, परामर्श तथा अस्थाई आश्रय की सुविधा उपलब्ध करवाई गई है। उन्होंने अतिथियों को इसकी कार्यप्रणाली के बारे में बताया। कार्यक्रम में अतिरिक्त जिला कलेक्टर (नगर) रमेश देव, नगर निगम उपायुक्त यशपाल आहूजा, महिला एवं बाल विकास विभाग के उपनिदेशक सुभाष बिश्नोई मौजूद थे।

■ **नत्थूसर गेट के बाहर स्थित सिटी डिस्पेंसरी नंबर 6 परिसर में स्थापित**

## 27 लाख किसानों को फसल बीमा क्लेम भुगतान

**बीकानेर,** (कासं)। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत सोमवार को देशभर के लगभग 30 लाख किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत लगभग 3 हजार 200 करोड़ रूपए का क्लेम भुगतान किया गया। प्रधानमंत्री बीमा राशि क्लेम वितरण का मुख्य सामारोह झुंझुनूं में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान मुख्य अतिथि रहे। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। जिला स्तर पर प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनांतर्गत फसल बीमा राशि क्लेम वितरण कार्यक्रम का लाइव प्रसारण व जिला स्तरीय कार्यक्रम सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग के सभागार में हुआ। इसके साथ प्रत्येक ब्लॉक स्तर पर भी लाइव प्रसारण किया गया। संयुक्त निदेशक कृषि कैलाश चौधरी ने बताया कि राजस्थान में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत 27 लाख बीमाधारक किसानों को 1200 करोड़ रूपए राशि का भुगतान किया। कार्यक्रम के जरिए रबी सीजन 2024-25 व खरीफ सीजन-2024 की बीमा दावा राशि की पहली किश्त देश के लाखों किसानों के बैंक खातों में डीबीटी के माध्यम जारी की गई।


**कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)**

क्रमांक:- नियमन/2025/ **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 07/08/2025

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कृषि भूमि क्षेत्र में रिहायशी भूखण्ड वाके चक 6 ई छोटी मुरब्बा नं. 36 के किला नं. 25 में भूखण्ड सं. 615, 616 का माप 30-0'' गुणा 50-0'' फीट के नियमन / पटटा हेतु आवेदक श्री बलजीत सिंह पुत्र श्री बता सिंह निवासी गांव समाग तहसील व जिला मुक्तसर (पंजाब) द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर इनके भूखण्ड का नियमन / पटटा सं. 14953 दिनांक 25.05.2022 द्वारा जारी किया गया था। आवेदक/पटटाधारक द्वारा उक्त जारी पटटे को निर्धारित समयावधि में उपपंजीयन कार्यालय से पंजीकृत नहीं करवाया गया। आवेदक द्वारा जरिये प्रार्थना पत्र उक्त भूखण्ड के जारी पटटे को नवीनीकरण हेतु निवेदन किया गया है। विभागीय आदेशानुसार 3 वर्ष अवधि के पश्चात पटटा नवीनीकरण नहीं किया जाकर पुनः नया पटटा जारी किया जाना है। अतः उपरोक्त वर्णित भूखण्ड के आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों / पटटे के आधार पर नया पटटा जारी करने के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति मय सबूत आपत्ति सूचना के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के अन्दर अन्दर न्यास कार्यालय में कमरा नं. 17 में प्रस्तुत कर सकता है अन्यथा बाद मियाद गुजरने अवधि के उपरान्त नियमानुसार आवेदक श्री बलजीत सिंह पुत्र श्री बता सिंह निवासी गांव समाग तहसील व जिला मुक्तसर (पंजाब) द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों / जारी पटटे के आधार पर चक 6 ई छोटी मुरब्बा नं. 36 के किला नं. 25 में भूखण्ड सं. 615, 616 का माप 30-0'' गुणा 50-0'' फीट का नियमन / पटटा जारी कर दिया जावेगा। यदि उक्त वर्णित क्षेत्र का पूर्व में नियमन / पटटा जारी होना पाया गया तो वर्तमान पटटा स्वतः ही निरस्त माना जावेगा। न्यास किसी भी विवाद के लिए जिम्मेवार नही होगा।

- सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

**राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)**

Telefax No. 0154-2466652, Email :- uit_sgnr@yahoo.com Off. Add:- UIT Office, Model Town, Sri Ganganagar (Raj.) 335001

क्रमांक :- नियमन/2025/ **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 09.08.2025

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कृषि भूमि क्षेत्र में रिहायशी भूखण्ड वाके चक 4 ए छोटी मुरब्बा नं. 10 के किला नं. 20 में भूखण्ड सं. J-09 का माप 10-0'' गुणा 20-0'' फीट के नियमन / पटटा हेतु आवेदक श्री कुलविन्द्र सिंह पुत्र श्री हरमिन्द्र सिंह निवासी 9 एलएल, चूनावढ जिला श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर इनके भूखण्ड का नियमन/पटटा सं. 3028 दिनांक 08.01.2014 द्वारा जारी किया गया था। आवेदक / पटटाधारक द्वारा उक्त जारी पटटे को निर्धारित समयावधि में उपपंजीयन कार्यालय से पंजीकृत नहीं करवाया गया। आवेदक द्वारा जरिये प्रार्थना पत्र उक्त भूखण्ड के जारी पटटे को नवीनीकरण हेतु निवेदन किया गया है। विभागीय आदेशानुसार 3 वर्ष अवधि के पश्चात पटटा नवीनीकरण नहीं किया जाकर पुनः नया पटटा जारी किया जाना है। अतः उपरोक्त वर्णित भूखण्ड के आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों/पटटे के आधार पर नया पटटा जारी करने के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति मय सबूत आपत्ति सूचना के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के अन्दर अन्दर न्यास कार्यालय में कमरा नं. 17 में प्रस्तुत कर सकता है अन्यथा बाद मियाद गुजरने अवधि के उपरान्त नियमानुसार आवेदक श्री कुलविन्द्र सिंह पुत्र श्री हरमिन्द्र सिंह निवासी 9 एलएल, चूनावढ जिला श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों / जारी पटटे के आधार पर चक 4 ए छोटी मुरब्बा नं. 10 के किला नं. 20 में भूखण्ड सं. J-09 का माप 10-0'' गुणा 20-0'' फीट का नियमन / पटटा जारी कर दिया जावेगा। यदि उक्त वर्णित क्षेत्र का पूर्व में नियमन/पटटा जारी होना पाया गया तो वर्तमान पटटा स्वतः ही निरस्त माना जावेगा। न्यास किसी भी विवाद के लिए जिम्मेवार नही होगा। Rajkaj Ref. No. 16889943

- सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर